सुनले ओ खाटूवाले

सुनले ओ खाटू वाले दुनिया के है सताए,
सबने रुलाया मुझको एक तू ही तो हसाये,
सुनले ओ खाटूवाले....

जीवन की तकलीफो में नहीं कोई काम आया,
जिस को समझता था अपना वही देख मुस्कुराया,
रिश्तो के रस्ते भी थे मुझको बंद पाये,
सुनले ओ खाटूवाले.....

होती न जो तुम्हारी रेहमत की छांव मुझपर,
अब तक झुलस ही जाते ताप्ती हुई धरा पर,
शीतला मिलती दर पे जो जाये वोही पाये,
सुनले ओ खाटूवाले...

हारे हुए का तुम हो कलयुग में एक सहारा,
जिसने किया भरोसा जिसने तुझे पुकारा,
राजू सदा ही ऐसे गुणगान तेरा गाये,
सुनले ओ खाटूवाले...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5347/title/sunle-o-khatuvale-duniya-ke-hai-sataye-sabne-rulaaya-mujko-ek-tu-hi-to-sataye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |